भारत के राष्ट्रपति
श्री राम नाथ कोविन्द
का
उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट – 2018
के समापन समारोह में सम्बोधन

लखनऊ, 22 फरवरी, 2018

1. सबसे पहले मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और उनकी पूरी टीम को इस समिट के सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देता हूं।
2. प्रधान मंत्री के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली जी ने अर्थ-व्यवस्था को, जो शक्ति प्रदान की है, उससे सभी राज्यों समेत उत्तर प्रदेश की अर्थ-व्यवस्था को भी मजबूत आधार और निवेश के लिए अच्छा 'इको-सिस्टम' मिला है।
3. उपजाऊ जमीन, प्राकृतिक संपदा - विशेषकर जल संसाधन - देश की सबसे बड़ी युवा शक्ति और विशेष भौगोलिक स्थिति के कारण देश के अन्य क्षेत्रों से अच्छी कनेक्टिविटी, आदि के कारण उत्तर प्रदेश अपार अवसरों और संभावनाओं का प्रदेश है। यहां के युवा पूरे देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी प्रतिभा और मेहनत से देश के निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। यह राज्य हमारे देश की संस्कृति और राजनीति का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। देश के नौ प्रधानमंत्री यहीं से चुनकर संसद में गए हैं। मेरा जन्म और व्यक्तित्व निर्माण भी उत्तर प्रदेश की पावन धरती पर हुआ है। इस चेतना और प्रतिभा का आर्थिक विकास के लिए प्रभावी उपयोग करने का लक्ष्य हमारे सामने है। इस राज्य की आर्थिक क्षमताओं का समुचित उपयोग करने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश के विकास से ही भारत के विकास को पूर्णता मिलेगी। यह समिट उत्तर प्रदेश के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

Ladies and Gentlemen,

4. The recent period has been one of enormous economic changes for India – of soaring aspirations and achievements. The introduction of the Goods and Services Tax has been a milestone. It has broken down barriers between states. It has provided a boost to the creation of a common market and a more formal economy. Filing of

taxes under GST has been made progressively smoother. The switch from cash to digital payments has been notable and has created new opportunities. The simplification of procedures for tax payers, business-persons and investors has led to India making significant advances in Ease of Doing Business. The opening of more and more sectors to greater private and global investment has also drawn appreciation. As a consequence of this, there has been a sharp rise in FDI in the past three years – from US$ 36 billion in 2013-14 to US$ 60 billion in 2016-17.

5. Our reform process seeks to make such economic changes meaningful to all segments of our society – and to all regions of our country. Programmes such as MUDRA, Start-up India and Stand-up India are promoting grassroots enterprise and small businesses – and helping integrate these with the larger economy. In parallel, the Union government has transferred a larger share of tax revenues as well as economic and policy responsibilities to the states. Increasingly, the economic future of India is being written by states and state governments, such as that of Uttar Pradesh.

6. This is a state teeming with talented young people. It comprises one of the largest workforces, as well as consumer markets, not only in India but anywhere in the world. It is home to some of India's finest institutions of higher education, such as IIT Kanpur, the IIM right here in Lucknow, Banaras Hindu University, Allahabad University and so many others. This talent pool and this energy give Uttar Pradesh the base to become an economic powerhouse. They make it an irresistible destination for investors.

देवियों और सज्जनों,

7. जैसा कि हम सब जानते हैं, केंद्र सरकार की पहल पर वित्त आयोग द्वारा राज्यों को मिलने वाली धनराशि बढ़ा दी गयी है और साथ ही राज्यों की जिम्मेदारियां भी बढ़ गयी हैं। मुझे प्रसन्नता है कि इस बदलाव में केंद्र और राज्य सरकारों ने परस्पर सहयोग किया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की इन परिवर्तनों में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। यह प्रसन्नता

की बात है कि उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष प्रयासों के फलस्वरूप अब देश और विदेश के निवेशक अधिक उत्साह के साथ राज्य में निवेश करने के लिए आगे आ रहे हैं।

8. एशियाई देशों में जापान और थाईलैंड, यूरोप से नीदरलैंड, फ़िनलैंड, चेक-गणराज्य तथा स्लोवाकिया और अफ्रीका से मॉरीशस ने इस समिट के लिए उत्तर प्रदेश के साथ भागीदारी की है तथा निवेश के लिए विशेष उत्साह दिखाया है। मॉरीशस के रक्षा मंत्री जी भी यहां उपस्थित हैं। उन्हे धन्यवाद देने के साथ-साथ मैं अपने सभी देशवासियों की ओर से यह आश्वासन देता हूं कि मॉरीशस का उत्तर प्रदेश के साथ भागीदारी का निर्णय उनके देश के लिए भी लाभदायक सिद्ध होगा। भारत का और उत्तर प्रदेश का मॉरीशस के साथ बहुत ही खास रिश्ता है। मुझे खुशी है कि मैं मॉरीशस की आजादी की पचासवीं वर्षगांठ पर बारह मार्च को वहां उपस्थित रहूंगा।

9. यह बहुत प्रसन्नता की बात है कि इस समिट से जुड़े रोड-शोज के दौरान ही पूंजी निवेश के लिए बहुत उत्साहजनक आश्वासन मिल रहे थे। उन रोड-शोज के दौरान, और अलग से भी, देश के सबसे बड़े औद्योगिक समूहों ने उत्तर प्रदेश में निवेश करने की योजनाएं साझा की हैं। मुझे बताया गया है कि अब तक निवेश की संभावित राशि लगभग चार लाख अठाईस हजार करोड़ तक पहुंच गयी है।

10. निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में पूंजी लगाने के लिए जो उत्साह दिखाया है उसके कारण काफी स्पष्ट हैं। देश की सबसे बड़ी श्रम शक्ति और उपभोक्ताओं की संख्या वाले इस प्रदेश में देश की सबसे बड़ी राज्य-अर्थ-व्यवस्था बनने की पूरी क्षमता है। 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' तथा औद्योगिक सुरक्षा के बारे में राज्य-सरकार ने दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है। 'निवेश-मित्र' नाम के 'सिंगल-विंडो-पोर्टल' द्वारा उद्यम को शुरू करना आसान हो गया है। इसके लिए मैं राज्य-सरकार की सराहना करता हूं। केंद्र सरकार के सुझावों के अनुरूप 'बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान 2017' को कार्यरूप देने के लिए भी राज्य-सरकार ने पहल की है। औद्योगिक निवेश और रोजगार में बढ़ोतरी के लिए नई नीति लागू की गई है। इन सभी बदलावों से निवेशकों का विश्वास बढ़ा है।

11. शांति और सुरक्षा की व्यवस्था, तार्किक टैक्स-व्यवस्था, उद्यम चलाने में सहायक माहौल, सुदृढ़ इन्फ्रास्ट्रक्चर, बिजली-पानी-यातायात की सुविधा आदि सभी क्षेत्रों में केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की सक्रियता से भी निवेशकों में उत्साह बढ़ रहा है।

12. उत्तर प्रदेश का एक हिस्सा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आता है। 'स्वर्णिम चतुर्भुज' पर स्थित होने के कारण भी राज्य की व्यावसायिक गतिविधियों में सुविधा होती है। उत्तर

प्रदेश की सीमा नेपाल से भी लगी हुई है। ईस्टर्न-फ्रेट-कॉरीडोर और वेस्टर्न-फ्रेट-कॉरीडोर दोनों ही इस राज्य से होकर जाते हैं। गंगा नदी की धारा का प्रभावी उपयोग करने की 'नमामि-गंगे' योजना की सोच के अनुरूप पश्चिम बंगाल में हल्दिया से इलाहाबाद तक 'नेशनल वाटरवे-वन' पर काम चल रहा है। इससे देश के पूर्वी हिस्से के साथ परिवहन संपर्क में किफायत और आसानी होगी। हवाई परिवहन के लिए उत्तर प्रदेश ने एक महत्वाकांक्षी 'सिविल एविएशन प्रमोशन पॉलिसी' लागू की है। 'उड़े देश का आम नागरिक' (उड़ान) योजना के तहत प्रथम चरण में प्रदेश के पांच नए जिलों में हवाई यात्रा की सुविधा शुरू की जा रही है। योजना के दूसरे चरण में बयालीस नए जिले हवाई यात्रा की सुविधा से जोड़े जाएंगे। सड़कों, रेल-सुविधाओं, मेट्रो सेवाओं आदि पर शीघ्रता से काम करने की जरूरत है। मुझे बताया गया है कि राज्य के तीन शहरों में मेट्रो की सुविधा उपलब्ध है और अन्य कई शहरों में मेट्रो परियोजनाओं से संबन्धित काम शुरू हो गया है। बिजली की भरोसेमंद आपूर्ति के लिए भी राज्य सरकार ने प्रभावी कदम उठाए हैं।

13. इलेक्ट्रानिक्स मैनुफ़ेक्चरिंग के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में एलेक्ट्रानिक्स मैनुफ़ेक्चरिंग जोन बनाए गए हैं। तीन इंटीग्रेटेड मैनुफ़ेक्चरिंग क्लस्टर्स का निर्माण करके उन्हे 'ईस्टर्न फ्रेट कॉरीडोर' से जोड़ा जाना है। दो स्थानों पर 'नेशनल इनवेस्टमेंट एंड मैनुफ़ेक्चरिंग जोन' की भी स्थापना की जा रही है। अनेक स्पेशल इकनॉमिक जोन भी स्थापित किए जा रहे हैं।

14. उत्तर प्रदेश किसान भाई-बहनों का राज्य है। यहां के किसानों में आधुनिक तरीके से खेती करने के लिए काफी उत्साह है। पूरे एग्री-वैल्यू-चेन को इस तरह विकसित करना है जिसमें छोटा किसान अपनी उपज को उचित मूल्य पर बेच सके, बड़ा निवेशक कोल्ड स्टोरेज आदि विकसित कर सके, मार्केटिंग की अच्छी सुविधा हो। अनेक कृषि-उत्पादों की देश में सर्वाधिक उपज उत्तर प्रदेश में होती है। कृषि-उत्पादों पर आधारित फूड-पार्क, फूड-प्रोसेसिंग, पशु-पालन और डेयरी जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश के अवसर हैं। मुझे प्रसन्नता है कि कई निवेशकों ने इन क्षेत्रों में उत्साह दिखाया है।

15. उत्तर प्रदेश कई वस्तुओं के निर्यात में अग्रणी रहता है। हस्त-शिल्प, कालीन, रेडी-मेड कपड़े, चमड़े के सामान में लगे उद्योगों से विदेशी मुद्रा और रोजगार दोनों ही दृष्टियों से लाभ होता है। बनारसी साड़ी तथा कपड़े, लखनऊ की चिकन-कारी, मुरादाबाद के ब्रासवेयर और अलीगढ़ के ताले जैसे कई उदाहरण हैं। इस संदर्भ में, मुख्यमंत्री महोदय की, 'एक जनपद – एक उत्पाद' योजना बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। हमें इटली और

फ्रांस जैसे देशों से यह सीखना है कि कैसे हाथ से बनी हुई चीजों को आधुनिक ब्रांडिंग और मार्केटिंग के जरिये विदेशी मुद्रा कमाने, रोजगार बढ़ाने और देश की छवि को निखारने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। हमारे शिल्पकारों का हुनर बहुत ही प्रभावशाली है। इसका प्रभावी इस्तेमाल करना है। इससे उत्तर प्रदेश के हर जनपद में शिल्पकारों की आर्थिक प्रगति होगी और हर जनपद अपनी विशिष्ट पहचान बना सकेगा।

16. मानव संसाधन में निवेश करना सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने हाल के बजट में सबसे बड़ा प्रावधान शिक्षा के लिए किया है। इसका उपयोग बेसिक और माध्यमिक शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए किया जाएगा। प्रदेश की युवा प्रतिभा के विकास में किए जा रहे इस निवेश के दूरगामी लाभ होंगे। शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए मैं राज्य सरकार की विशेष सराहना करता हूं।

17. मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई है कि नव-युवकों को 'कौशल विकास मिशन' के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है। आने वाले दो एक वर्षों में लगभग बीस लाख नौजवानों को रोजगार एवं स्व-रोजगार के योग्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उत्तर प्रदेश के प्रशिक्षित युवक और युवतियां अपनी प्रतिभा का उपयोग पूरे देश में कहीं भी कर सकते हैं। पर यदि उन्हें अपने ही राज्य में आकर्षक अवसर मिलते हैं तो वे यहीं रहकर अपनी क्षमता का उपयोग कर सकते हैं।

18. पर्यटन उद्योग के लिए उत्तर प्रदेश में विशाल संभावनाएं हैं। यह राज्य राम और कृष्ण की जन्म-स्थली और लीला-स्थली रहा है। यह तुलसी, कबीर और जायसी जैसे भक्त-कवियों का प्रदेश है। इस राज्य में कल्चरल और रिलीजस टूरिज़म के विकास के लिए अनेकों आकर्षक स्थल हैं। बनारस की गंगा आरती से लेकर लखनऊ के इमामबाड़े तक; प्रयाग के कुम्भ से लेकर आगरा के ताजमहल तक अनेकों पर्यटन के आकर्षण मौजूद हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में सारनाथ से लेकर गोरखपुर-नेपाल तक बुद्धिस्ट सर्किट के स्थान हैं। पर्यटन उद्योग में निवेश करने से रोजगार के बहुत अधिक अवसर पैदा होते हैं। मुझे खुशी है कि इस उद्योग पर ज़ोर दिया जा रहा है और इसके परिणाम निकट भविष्य में ही दिखने शुरू हो जाएंगे।

19. मैं एक बार फिर इस समिट के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को और सभी निवेशकों को बधाई देता हूं। मैं आशा करता हूं कि, जैसा मुझे बताया गया है, प्रतिवर्ष ऐसी समिट का आयोजन किया जाएगा। निरंतर बढ़ते हुए पूंजी निवेश द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी निवासियों, खासकर किसानों और युवाओं

को, विकास के अवसर मिलते रहेंगे। उत्तर प्रदेश के विकास से पूरे देश के विकास को महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

20. राज्य में प्रोग्रेसिव गवरनेन्स प्रदान करने तथा व्यापार और उद्योग के लिए सुविधा-जनक माहौल पैदा करने के फलस्वरूप निवेशकों ने काफी उत्साह दिखाया है। लेकिन राज्य को आगे ले जाने का काम केवल सरकार का ही नहीं है। इस राज्य के सभी निवासी उत्तर प्रदेश के विकास में भागीदार हैं। उदाहरण के लिए चाहे पर्यटक हों या निवेशक, स्वच्छ वातावरण, साफ सड़कें, निर्मल नदियां, अच्छी आबो-हवा सभी चाहते हैं। अच्छा व्यवहार भी सबको पसंद आता है। हम लखनऊ में हैं। यहां की मेहमान-नवाजी और तहजीब पूरे उत्तर प्रदेश की पहचान है और दूसरे क्षेत्रों के लोग इस राज्य के सभी निवासियों से इसी तहजीब की उम्मीद रखते हैं। इस राज्य को ऐसा बनाना है, कि जो एक बार यहां किसी काम से आए वह यहीं रहना चाहे, यहीं का हो जाए और यहीं बस जाए। वह 'इकनॉमिक इनवेस्टमेंट' के साथ-साथ 'इमोशनल इनवेस्टमेंट' भी करे।

धन्यवाद

जय हिन्द!